<u>यूपीजीआईएस-2023</u>

निवेशकों को सम्मान और पैसे की सुरक्षा दे रहा उत्तर प्रदेशः अरुण सक्सेना

- **जीआईएस के आखिरी दिन वशिष्ठ हॉल-4 में 'सेशन ऑन अपॉर्च्युनिटी इन फॉरेस्ट एंड एलाइड सेक्टर' का हुआ आयोजन**
- **प्रदेश के मा. वन व पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा- आप हमारे युवाओं को रोजगार दीजिए, आपको कोई परेशानी नहीं होने देंगे**
- **वन व पर्यावरण विभाग को मिले 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव**
- **प्रदेश सरकार के मा. राज्यमंत्री बोले- 2027 तक सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लिए आपका सहयोग चाहिए**

लखनऊ, 12 फरवरी, 2023: उत्तर प्रदेश के मा. वन व पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि योगीराज से पहले और अब के यूपी में बदलाव आ गया है। 2017 से पहले जहां से अंधेरा शुरू होता था, सड़कों पर गड्ढे शुरू होते थे, कानून व्यवस्था खराब थी, वह उत्तर प्रदेश होता था पर आज सब कुछ बदल गया। यहां एक्सप्रेस वे, हवाई अड्डे, कानून व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था है। उद्योगों का अब यहां सम्मान है। पहले निवेशक कानून व्यवस्था के कारण नहीं आता था, पर आज उसे सम्मान व सुरक्षा भी मिल रही है। उसका पैसा सुरक्षित ही नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ भी रहा है। आपके सहयोग से 2027 या उससे पहले यूपी उत्तम से सर्वोत्तम प्रदेश बन जाएगा।

मा. वन मंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तीसरे दिन रविवार को वशिष्ठ हॉल-4 में 'सेशन ऑन अपॉर्च्युनिटी इन फॉरेस्ट एंड एलाइड सेक्टर' को संबोधित किया। वहीं वन व पर्यावरण विभाग को 20 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

उन्होंने आह्वान किया कि आप हमारे लोगों को रोजगार दीजिए, यकीन दिलाता हूं यूपी में इंडस्ट्री लगाने में कोई परेशानी नहीं होगी। अधिकारी से लेकर मंत्री तक सभी आपके साथ हैं। एमओयू, बिजली कनेक्शन, एनओसी, लैंड से जुड़ी कोई भी दिक्कत हो, हम आपकी मदद करेंगे। सम्मान के साथ बेहिचक होकर आइए, उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाइए।

यूपी में निवेश पर पश्चाताप नहीं, गौरव की अनुभूति होगीः श्री मलिक

प्रदेश सरकार के मा. राज्यमंत्री श्री कृष्णपाल मलिक ने बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उद्यमियों को साधुवाद दिया। कहा कि आप प्रदेश में निवेश करेंगे तो पश्चाताप नहीं, बल्कि गौरव की अनुभूति होगी, क्योंकि यह चमकता उत्तर प्रदेश है। सीएम योगी के नेतृत्व में 2017 से लेकर अब तक यह प्रदेश उत्तम प्रदेश कहलाने लगा। 2027 तक सर्वोत्तम उत्तर प्रदेश बनाने में आपका भी सहयोग चाहिए। मौसम

हो या माहौल, उद्योग हो या बाजार, यूपी निवेश का सबसे अच्छा गंतव्य है। मंत्री से लेकर अधिकारी तक सभी आपके साथ हैं।

अपर मुख्य सचिव श्री मनोज सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में 20 हजार करोड़ के एमओयू हुए हैं।

इस दौरान वसुधा फाउंडेशन के सीईओ श्रीनिवास कृष्णास्वामी, एईईई के वरिष्ठ निदेशक श्री प्रमोद सिंह, जीआईजेड इंडिया की प्रोग्राम डायरेक्टर व टीम लीडर डॉ. रचना अरोरा और एमडीएफ के प्रेसिडेंट श्री अशोक अग्रवाल ने भी विचार रखे। अंत में अतिथियों व आगंतुकों को ओडीओपी उपहार भेंट किए गए।